(d) Question does not arise.

Quality of Russian sub-marines Sindhu

30. DR. MOHAN BABU: Will the Minister of DEFENCE be pleased to state:

(a) whether Russian sub-marines Sindhu purchased by India have not been found upto the expected quality; and

(b) if so, the details thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF DEFENCE (SHRI N.V.N. SOMU): (a) and (b) No, Sir. Some submarines of the Sindhu Class were acquired from Russia between 1986 & 1990. These submarines have many distinct design features such as a long range sonar, superior hull design, under-water manoeuvrability etc. The shortcomings of the submarines related to our climatic conditions. The problems have been overcome by the Indian Navy through indigenous/inhouse efforts over the last few years.

अत्याधुनिक जेट प्रशिक्षण विमानों की खरीद

31. **श्री सुन्दर सिंह भंडारी:** क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) अत्याधुनिक जेट प्रशिक्षण विमान खरीदने का मामला किस स्तर पर लम्बित है और इसके क्या कारण हैं;

(ख) रखरखाव के तरीकों और हवाई दुर्घटनाओं को रोकने के लिए अनुसंधान सचिव, प्रो० अब्दुल कलाम द्वारा की गई सिफारिशों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) गत तीन वर्षों में कितनी विमान दुर्घटनाएं हुई और कितने विमान चालक मारे गए और इसके परिणामस्वरूप कितना नुकसान हुआ?

रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एन० वी० एन० सोमू): (क) इस संबंध में चुनिन्दा विक्रेताओं के साथ वाणिज्यिक बातचीत की जा रही है। उन्नत जेट प्रशिक्षक वायुयान नौवीं योजनावधि में खरीदने का प्रस्ताव है।

(ख) वायुयान दुर्घटनाओं से संबंधित डॉ० अब्दुल कलाम समिति ने अब तक अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की है।

(ग) विगत तीन वर्षों अर्थात् 1994-95, 1995-96 और 1996-97 में क्रमशः 25, 27 और 19 वायुयान दुर्घटनाएं हुईं। इन वायुयान दुर्घटनाओं में क्रमशः 07, 15 और 07 पायलट मारे गए। विगत तीन वर्षों में अनन्तिम रूप से क्रमशः 152.30 करोड़ रु०, 253.88 करोड़ रु० और 201.51 करोड़ रुपए की हानि आंकी गई है। किन्तु वर्ष 1996-97 में हुई वायुयान दुर्घटनाओं में से 3 दुर्घटनाओं से संबंधित अनन्तिम हानि की राशि इस वर्ष की अनन्तिम हानि के आंकड़ों में शामिल नहीं की गई है।

मनाली-शरची और तान्दी संसारी सड़कों का निर्माण

32. **श्री महेश्वर सिंह:** क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि मनाली शरची और तान्दी से किलाड़ के रास्ते होकर संसारी तक पहुंचने वाली सड़क के निर्माण का कार्य सीमा सड़क विकास बोर्ड को सौंपा गया है;

(ख) क्या यह भी सच है कि उन सड़कों को क्रमशः स्केल-I तथा स्केल-II का दर्जा दिया गया है जिसके परिणामस्वरूप तान्दी-संसारी सड़क की तुलना में मनाली-शरची सड़क को खोलने हेतु प्राथमिकता दी जाती है; और

(ग) क्या सरकार सीमावर्ती सड़क होने के नाते किलाड़ से होकर जाने वाली तान्दी-संसारी सड़क को भी स्केल-I का दर्जा दिए जाने पर विचार करेगी?

रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एन०वी०एन० सोमू): (क) जी, हां।

(ख) जी, हां।

(ग) सेना ने ऐसी किसी संक्रियात्मक आवश्यकता का प्रस्ताव नहीं रखा है।

हिन्डन हवाई अड्डे से उड़ानें बंद करना

33. **श्री सुन्दर सिंह भंडारी:** क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि: